प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 18.02.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट को केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया संबोधित–कहा कि भारत वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान के लिए एआई पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

2– जनगणना–दो हजार सत्ताईस के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में पहले चरण में मकान सूचीकरण और गणना का कार्य एक से तीस मई तक संचालित किया जाएगा।

3– राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने रायपुर में डिजिटल किसान किताब का शुभारंभ किया।

4– राज्य सरकार ने एक बुजुर्ग किसान की मौत के मामले में कुसमी के एसडीएम करुण डहरिया को किया निलंबित।

## इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान के लिए एआई पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के तीसरे दिन एक अनुसंधान संगोष्ठी के उद्‌घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

**भारत एआई पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। हम उद्यमों की उत्पादकता में सुधार, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि, जलवायु परिवर्तन जैसी वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान के लिए एआई के इस्तेमाल पर ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं और यह एआई शिखर सम्मेलन इसके लिए एक उचित अवसर है।**

श्री वैष्णव ने कहा कि एआई शिखर सम्मेलन विभिन्न तकनीकी मामलों पर विचार–विमर्श करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

**हम विभिन्न तकनीकी मामलों पर चर्चा कर रहे हैं। यहां मौजूद विशेषज्ञों से मेरा अनुरोध है कि एआई को सुरक्षित बनाने के लिए ठोस सुझाव दें। एआई एक महत्वपूर्ण उपकरण है, इसका उपयोग मनुष्यों के लाभ के लिए किया जाना चाहिए, न कि संतुलन बिगाड़ने में।**

## एआई इम्पैक्ट समिट–उपमुख्यमंत्री

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कल नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल हुए। राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए श्री शर्मा ने लीडर्स प्लेनरी सत्र में हिस्सा लिया और शासन–प्रशासन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई के प्रभावी उपयोग पर रुचि दिखाई। सम्मेलन के दौरान उपमुख्यमंत्री ने एआई के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ाने, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण सेवा वितरण सुनिश्चित करने तथा डेटा–आधारित निर्णय प्रणाली विकसित करने के विभिन्न मॉडलों का अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आंतरिक सुरक्षा

और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में एआई के सफल उपयोग के उदाहरणों को भी देखा। श्री शर्मा ने अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श करते हुए राज्य में एआई आधारित समाधान लागू करने की संभावनाओं पर चर्चा की।

सम्मेलन के दौरान उपमुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ ड्रिवन बाई आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के स्टॉल का भी अवलोकन किया।

**जनगणना–मुख्यमंत्री**

जनगणना–दो हजार सत्ताईस के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के सभी तैंतीस जिलों में पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य एक से तीस मई तक संचालित किया जाएगा।

जनगणना के संचालन के लिए आज नवा रायपुर में राज्य और संभाग स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने प्रदेश के सभी संभागायुक्तों, कलेक्टरों और प्रशासनिक अधिकारियों से इस राष्ट्रीय दायित्व को पूरी गंभीरता, सटीकता और संवेदनशीलता के साथ निभाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार सत्ताईस की जनगणना स्वतंत्रता के बाद आठवीं और भारत की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना होगी। उन्होंने बताया कि मोबाइल ऐप और वेबपोर्टल के माध्यम से आंकड़ों का  संकलन किया जाएगा।

**डिजिटल किसान किताब**

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने रायपुर में डिजिटल किसान किताब का  शुभारंभ किया। यह किताब अब पारंपरिक मैन्युअल किसान किताब का स्थान लेगी। इसके माध्यम से किसान अपनी भूमि संबंधी जानकारी ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे। यह सुविधा भुईंया पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी, जिसे किसान आसानी से डाउनलोड कर सकेंगे। डिजिटल प्रणाली में आवश्यक विवरण स्वतः अपडेट होते रहेंगे, जिससे जानकारी संशोधन के लिए किसानों को कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। साथ ही संबंधित पटवारी द्वारा डिजिटल हस्ताक्षरित प्रमाणित प्रति उपलब्ध होने से दस्तावेजों की वैधता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने कहा कि डिजिटल ऋण पुस्तिका केवल एक तकनीकी नवाचार नहीं, बल्कि राजस्व व्यवस्था को पारदर्शी, सशक्त और नागरिक–केन्द्रित बनाने की दिशा में ठोस कदम है।

**संशोधित गाइडलाइन दर**

केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने प्रदेश के ग्यारह जिलों की संशोधित गाइडलाइन दरों का अनुमोदन कर दिया है। इनमें राजनांदगांव, बस्तर, कबीरधाम, जशपुर, मुंगेली, कांकेर, कोंडागांव, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी और मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिला शामिल हैं। इन जिलों में आज से गाइडलाइन दरें लागू हो गई हैं। इससे भूमि और संपत्ति पंजीयन प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। साथ ही वास्तविक बाजार मूल्यों के अनुरूप मूल्यांकन में लोगों को सुविधा होगी। आम नागरिक और संबंधित हितधारक नई गाइडलाइन दरों की जानकारी संबंधित जिला पंजीयन कार्यालयों और विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। अन्य जिलों की संशोधित गाइडलाइन दरें भी जिला मूल्यांकन समितियों से प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद जल्द जारी की जाएंगी।

गौरतलब है कि प्रदेश में पिछले वर्ष बीस नवंबर से लागू नई गाइडलाइन दरों के संबंध में राज्य शासन द्वारा जिला मूल्यांकन समितियों को आवश्यकतानुसार पुनरीक्षण प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजने के निर्देश दिए गए थे।

## ग्राम पंचायत–महतारी सदन

प्रदेश की ग्राम पंचायतें अब महतारी सदन का निर्माण करेंगी। इसके लिए ग्राम पंचायतों का चयन क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में किया गया है। इस संबंध में पंचायत विभाग द्वारा मार्गदर्शिका भी जारी कर दी गई है। ग्राम पंचायतों को कार्य एजेंसी बनाए जाने से महतारी सदन के निर्माण कार्यों में तेजी आएगी। महतारी सदन के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा दी जाएगी और तकनीकी मार्गदर्शन ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा प्रदान किया जाएगा। महतारी सदनों के निर्माण से ग्राम पंचायतें सशक्त होंगी और गांवों में महिलाओं की आर्थिक तथा सामाजिक गतिविधियों में सुधार होगा। यह सदन महिलाओं के लिए बैठक, प्रशिक्षण, स्व–सहायता समूह की गतिविधियों और आजीविका संवर्धन का केंद्र बनेंगे।

गौरतलब है कि प्रदेश में तीन सौ अड़सठ महतारी सदनों के निर्माण के लिए सौ करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। वर्तमान में एक सौ सैंतीस महतारी सदनों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष निर्माणाधीन हैं।

## उपभोक्ता संरक्षण–क्षेत्रीय सम्मेलन

छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा इक्कीस और बाईस फरवरी को रायपुर में क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन भारत सरकार के उपभोक्ता मामले और खाद्य तथा सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।

राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के रजिस्ट्रार श्रीनिवास तिवारी ने बताया कि सम्मेलन में उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण पर चर्चा की जाएगी।

दो दिवसीय इस सम्मेलन के दौरान आयोजित कार्यशाला में आठ राज्यों के उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे।

## एसडीएम–निलंबित

राज्य सरकार ने कुसमी के एसडीएम करुण डहरिया को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई बलरामपुर–रामानुजगंज जिले के हंसपुर गांव में दो दिन पहले अवैध खनन की जांच के दौरान एक किसान की मौत के मामले में की गई है। निलंबन की अवधि के दौरान उनका मुख्यालय अंबिकापुर स्थित आयुक्त कार्यालय रहेगा। इससे पहले पुलिस ने एसडीएम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

आरोप है कि अवैध उत्खनन पर कार्रवाई के दौरान एसडीएम और बाकी आरोपियों ने ग्रामीणों के साथ मारपीट की थी। इस दौरान एक बुजुर्ग की चोट लगने से मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य युवक घायल हो गए थे।

**सूरजपुर–घटना**

सूरजपुर जिले के चंद्रपुर गांव में एक ही परिवार के तीन लोगों की दम घुटने से मौत हो गई है। मृतकों में तीन साल की एक बच्ची भी शामिल है। बताया जाता है कि बीती रात ठंड से बचने के लिए इस दंपत्ति ने बंद कमरे में कोयले की सिगड़ी जलाई थी। सुबह जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने दरवाजा तोड़कर उन्हें उठाने की कोशिश की, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।
मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

**राज्यसभा चुनाव**

निर्वाचन आयोग ने आज दस राज्यों में राज्यसभा की सैंतीस सीटों के लिए चुनाव की घोषणा की है। इनमें छत्तीसगढ़ की दो सीटें भी शामिल हैं। इसके लिए अधिसूचना छब्बीस फरवरी को जारी होगी और नामांकन पांच मार्च तक दाखिल किए जा सकते हैं। मतदान सोलह मार्च को कराया जाएगा।

**सतनाम सद्भाव पदयात्रा**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर के मोवा स्थित सतनाम भवन परिसर से "सतनाम सद्भाव पदयात्रा" का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर गिरौदपुरी धाम के लिए रवाना किया। मुख्यमंत्री ने पदयात्रा में शामिल समाज के लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास का "मनखे–मनखे एक समान" का संदेश संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पदयात्रा समाज में सद्भावना, समरसता और भाईचारे को और सुदृढ़ करेगी।

गौरतलब है कि रायपुर से अट्ठारह फरवरी को निकली यह पदयात्रा बाईस फरवरी को गिरौदपुरी धाम पहुंचेगी। इस दौरान गिरौदपुरी धाम में सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**समाचार संक्षेप में ...**

–दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में आज अभनपुर से कुरुद के बीच नई ब्रॉडगेज लाइन का स्पीड ट्रायल किया गया।
च
–जांजगीर–चांपा जिले के नवागढ में एक मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से जा टकराई। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>